भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

पर्यावरण संरक्षण (हरित तकनीक) के लिए भा वि प्रा को दो प्रतिष्ठित स्कोच बी एस ई पुरस्कार प्राप्त

नई दिल्ली, 22 जून, 2016 – भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चंडीगढ़ हवाईअड्डे (मोहाली साइड) को पर्यावरण प्रबंधन (हरित तकनीक) के लिए "भारत की सर्वश्रेष्ठ 100 परियोजनाओं एवं "भारत की सर्वश्रेष्ठ 30 परियोजनाओं" की 02 श्रेणियों में 02 प्रतिष्ठित स्कोच बी एस ई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । ये पुरस्कार स्कोच समूह एवं बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा दिनांक 8 और 9 जून को इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, बी एस ई, मुंबई में अपने 44वें स्कोच सम्मेलन के अवसर पर आयोजित एक शानदार सम्मान समारोह में श्री समीर कोचर, अध्यक्ष, स्कोच समूह की उपस्थिति में दिए गए । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से ये पुरस्कार सुश्री के. हेमलता, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र) तथा चंडीगढ़ हवाईअड्डा परियोजना के इंजीनियर हरीश कुमार पाण्डेय एवं इंजीनियर नीलेश कुमार ने प्राप्त किए ।

निर्माण के समय भाविप्रा की परियोजना टीम द्वारा की गई मुख्य हरित पहलों में लगभग 55 लाख फ्लाई एश ब्रिक्स, डबल इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, डीजीयू एवं हाई पर्फ़ोरमेंस ग्लासेज, लो वीओसी पेंट्स, कैविटी वाल्स, एचवीएसी के लिए 6.3 सीओपी के साथ ऊर्जा दक्ष चिल्लर्स, एलीवेटरों के लिए ऊर्जा दक्ष गीयरलेस मोटर, उच्च क्षमता वाले मोटरों के लिए वीएफडी, एलईडी टाइप इलैक्ट्रिकल फिक्चर, सीवरेज एवं दूषित जल के शोधन के लिए 600 केएलडी के एसटीपी प्लांट की स्थापना, एसटीपी प्लांट से शोधित जल का प्रयोग एचवीएसी, फ्लशिंग, बागवानी इत्यादि के लिए किया जाएगा । जल संरक्षण के लिए जल वर्षा संचयन कुएं, सेंसर आधारित प्लम्बिंग फिटिंग्स शामिल हैं ।

....जनसम्प
र्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 011-24622787, 9811521881

सं. 18/2016-17

श्री एस॰ रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा, स्कोच बीएसई अवार्ड श्री डी॰के॰कामरा, महाप्रबंधक (इंजी॰) (मध्य में) एवं श्री जे॰बी॰सिंह, महाप्रबंधक (ज॰सं॰) (बाएँ से दूसरे) से प्राप्त करते हुए। चित्र में श्री कौशिक भट्टाचार्य, का॰नि॰(इंजी॰) (बिल्कुल दाएँ) तथा श्री एम॰एन॰एन॰ राव, महाप्रबंधक (इंजी॰) (बिल्कुल बाएँ) भी दिखाई दे रहे हैं।